भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रैस विज्ञप्ति

भारत सरकार के डिजीटल भुगतान अभियान के समर्थन में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई)ने भाविप्रा के सभी हवाई अड्डों पर 29 नवंबर,2016 (00:01 घंटे) से कार पार्किंग प्रभारों को स्वीकार करने के लिए ई-भुगतान का लेन-देन आरंभ किया।

नई दिल्ली, 27 नवंबर, 2016

भाविप्रा द्वारा सभी प्रचालनात्मक हवाई अड्डों पर 14 नवंबर,2016 की मध्यरात्रि से 28 नवंबर, 2016 की मध्यरात्रि तक नि:शुल्क कार पार्किंग सेवा प्रदान की गई ।
रूपये 500 एवं रूपये 1000 के नोट का विमुद्रीकरण होने पर, भाविप्रा ने भारत सरकार के डिजिटल भुगतान अभियान के समर्थन में विमान यात्रियों एवं हवाई अड्डा प्रयोगकर्ताओं की सुविधा हेतु 28 नवंबर,2016 की मध्यरात्रि से अपने सभी प्रचालनात्मक हवाई अड्डों पर डिजिटल भुगतान प्रकिया को आरंभ किया है तथा कार पार्किंग प्रभारों को डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड, मोबाइल वैलेट तथा अन्य डिजिटल भुगतान विधि का प्रयोग करते हुए ई- भुगतान लेन-देन के माध्यम से स्वीकार करना प्रारंभ किया है।

अब, 29 नवंबर,2016 (00:01 घंटे) से, भाविप्रा ने राष्ट्र में अपने सभी प्रचालनात्मक हवाई अड्डे पर कार पार्किंग प्रभार/शुल्क को ई- भुगतान लेन-देन के माध्यम से लेना आरंभ कर दिया है ।

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।
म.प्र (जनसंपर्क), 9811521881,011-24622787
संख्या. 53/2016-17